## खबर संक्षेप

### महिला को कार से धक्का देने वाला दबोचा

**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट जिले की नंद नगरी पुलिस ने महिला को कार में लिफ्ट देकर लूटपाट के बाद धक्का देने वाले एक आरोपी को पकड़ लिया गया है। आरोपी का नाम मिथिलेश कुमार बताया गया है। इसके पास से वारदात में इस्तेमाल कार भी बरामद कर ली गई है। डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार इसी साल सात नवंबर को नंद नगरी पुलिस को लूटपाट के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि जब वह गगन सिनेमा टी प्वाइंट के पास बस का इंतजार कर रही थी तभी सफेद रंग की कार में सवार दो लोगों ने उसे लिफ्ट देने की पेशकश की। जब वह गाड़ी में बैठ गई तो उन्होंने उसके कान के झुमके और कैश लूट लिए। इसके बाद उन्होंने उसे कार से बाहर धकेलने की कोशिश की। पीड़िता के शोर मचाने पर एक आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया जबकि दूसरा आरोपी कार में बैठकर भागने में कामयाब रहा था। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई थी। टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से फरार आरोपी मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से कार भी बरामद हो गई। जांच में पता चला कि मिथिलेश पर पहले से चार मामले दर्ज हैं।

### पुलिस ने खोए हुए फोन उनके मालिकों को लौटाए

**नई दिल्ली।** शाहदरा पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के इलाकों में चोरी, छीने गए और गुम हुए करीब एक करोड़ मूल्य के 625 मोबाइल फोन उनके मालिकों को वापस लौटा दिए हैं। मोबाइल वापस पाकर ज्यादातर लोग खुश नजर आये। शाहदरा के विभिन्न थानों की 13 टीमों ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड से मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने आईएमईआई नंबर, कॉल रिकॉर्ड और सीईआईआर पोर्टल के डेटा का विश्लेषण कर केंद्रीय डेटाबेस के माध्यम से 225 फोन का पता लगाया। अब तक बरामद कुल 625 फोन में से खोए हुए 321, चोरी हुए 202, छीने गए 61 और 39 फोन घर से चोरी हुए थे। जीटीबी एन्क्लेव और सीमापुरी की पुलिस टीमों ने 221 और 165 फोन के साथ सबसे ज्यादा फोन बरामद किए। 8 दिसंबर को डीसीपी शाहदरा कार्यालय में एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें 45 बरामद फोन उनके असली मालिकों को सौंपे गए।

### हमदर्द बिल्डिंग की पहली मंजिल पर लगी आग

**नई दिल्ली।** आसफ अली रोड स्थित हमदर्द बिल्डिंग की पहली मंजिल पर बुधवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा जानकारी दी गई कि आग पहली मंजिल पर रखी पैकिंग सामग्री में लगी थी। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि कोई भी अंदर न फंसा हो। दमकल विभाग को अपराह्न 3:03 बजे बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली थी। पांच गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गई। अपराह्न 3:45 तक आग पर काबू पा लिया गया। स्थल को ठंडा करने का अभियान देर शाम तक जारी रहा।

## मास्टरमाइंड सहित चार आरोपियों को किया अरेस्ट

# क्राइम ब्रांच ने किया दो बड़े संगठित अपराध सिंडिकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने दो बड़े संगठित अपराध सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। ट्रांसपोर्टरों से पैसे वसूलने वाले नेटवर्क का नेतृत्व करने वाले मास्टरमाइंड राजकुमार उर्फ राजू मीना के खिलाफ मकोका एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य संगठित अपराध सिंडिकेट में शामिल मास्टरमाइंड जीशान अली सहित चार आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जो कमर्शियल वाहनों को स्टिकर बेचते थे। इनसे 1200 से ज्यादा स्टिकर बरामद किए गए।

संजीव कुमार यादव के अनुसार क्राइम ब्रांच की एंटी-रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल की यह कार्रवाई है। जीशान अली नो एंट्री प्रतिबंधों के दौरान कमर्शियल मालवाहकों की आवाजाही को आसान बनाने में शामिल था। इसके लिए वह हर महीने प्रति वाहन प्रति स्टिकर 2000 से 5000 रुपये में स्टिकर बेचता था। पूछताछ और लगातार टेक्निकल एनालिसिस व ग्राउंड सर्विलांस के बाद जीशान अली के नेतृत्व वाले क्राइम सिंडिकेट से जुड़े तीन और आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। दूसरे अपराध सिंडिकेट का नेतृत्व आरोपी राजकुमार उर्फ राजू मीना कर रहा था। वह ट्रांसपोर्टरों से पैसे वसूलने में शामिल था और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को चालान जारी करते समय या अन्य सरकारी काम करते समय उनके वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता था। वह सरकारी अधिकारियों और अन्य लोगों से जबरन वसूली करने में लिप्त था। आरोपी राजकुमार पहले भी जबरन वसूली, डकैती, मारपीट आदि के सात मामलों में शामिल पाया गया है।

### वांटेड अपराधी चढ़ा स्पेशल स्टाफ के हत्थे

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने फायरिंग के एक मामले में फरार चल रहे अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। दयालपुर थानाक्षेत्र में यह घटना 12 जनवरी को सामने आई थी। जांच के दौरान घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन उनका एक साथी फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर धीरज कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने व्यापक प्रयास किए और फरार आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान अनस (22) पुत्र कासिम, निवासी खन्ना नगर, लोनी, गाजियाबाद के रूप में हुई। मामले में आगे की जांच जारी है।

# तीन स्कूलों को मिली बम की धमकी फर्जी पायी गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

तीन प्राइवेट स्कूलों में बुधवार सुबह बम की धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुये। सूचना पुलिस को दी गई और उसके बाद तुरंत आपातकालीन कार्रवाई की गई व स्कूलों को खाली करा लिया गया। घंटो चले तलाशी अभियान के बाद इन बम की धमकियों को 'फर्जी' घोषित कर दिया गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा लक्ष्मी नगर स्थित लवली पब्लिक स्कूल के नाम की पुष्टि की, जबकि पुलिस ने कहा कि सादिक नगर स्थित द इंडियन स्कूल और आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को भी इसी तरह की धमकियां मिली हैं। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे ईमेल सुबह करीब 10 बजे प्राप्त हुए, जिनमें दावा किया गया था कि स्कूलों के अंदर एक विस्फोटक उपकरण लगाया गया है। सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस, अग्निशमन विभाग और अन्य आपातकालीन एजेंसियों को दी गई। दमकल गाड़ियां, बम निरोधक दस्ते, खोजी कुत्ते और पुलिस की टीमें तुरंत घटनास्थल पर भेजी गई। छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और परिसर को चारों ओर से घेर लिया गया। किसी भी संदिग्ध चीज का पता नहीं चला। बाद में बम की धमकी को 'झूठी धमकी' घोषित किया गया है।

# 16 लाख की ठगी समेत 163 एनसीआरपी शिकायतों में शामिल चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने चार धोखेबाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी इन्वेस्टमेंट के नाम पर की गई 16 लाख की ठगी के केस में लिप्त थे। एनसीआरपी की 163 शिकायतों में यह गैंग शामिल पाया गया है। पकड़े गये आरोपियों के नाम मनीष दिलीप भाई कोष्टी (37), मोहम्मद जैद ए. सिदी (28), मोहम्मद एजाज खिमानी (35) और शेख अबरार (27) हैं। सभी अहमदाबाद, गुजरात के रहने वाले हैं। अपराध में इस्तेमाल किए गए छह मोबाइल फोन, छह डेबिट कार्ड और आठ सिम कार्ड इनसे बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार पालम निवासी ए कुमार ने एनसीआरपी के माध्यम से एक शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप 71 एबॉट में जोड़ा गया था, जहां एडमिन और ग्रुप के सदस्यों ने खुद को एक इन्वेस्टमेंट फर्म का प्रतिनिधि बताया था। उन्हें 300 प्रतिशत मुनाफे का लालच दिया गया था और अलग-अलग चरणों में कई पेमेंट करवाए। आखिरकार उनसे 16 लाख की ठगी की गई थी। इस संबंध में 27 अक्टूबर को केस दर्ज किया गया था। टेक्निकल सर्विलांस, डिजिटल फुटप्रिंट्स के विश्लेषण और मनी ट्रेल की जांच ने यह स्थापित किया कि ठगी की गई रकम का कुछ हिस्सा—यूको और आरबीएल बैंक खातों के माध्यम से भेजा गया था और बाद में Cred और Razorpay जैसे पेमेंट गेटवे के माध्यम से मनीष कोष्टी के एचडीएफसी खाते में जमा किया गया। अहमदाबाद में एक छापे में मनीष कोष्टी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट के जरिए पांच प्रतिशत कमीशन पर धोखे से कमाए गए पैसे को सेटल करने में अपनी भूमिका का खुलासा किया। उसने जैद और दूसरे साथियों की संलिप्तता का भी खुलासा किया। इस लीड के आधार पर, अहमदाबाद में और छापे मारे गए और बाकी तीन आरोपियों मोहम्मद जैद, मोहम्मद एजाज और शेख अबरार को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# दिल्ली मेट्रो ने किया होलिस्टिक वेलनेस पर एक सेशन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने अपने स्टाफ की महिला कर्मचारियों के लिए एक पैनल डिस्कशन और सवाल-जवाब सेशन का आयोजन किया, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बुधवार को मेट्रो भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीएमआरसी के कर्मचारियों के लिए महिलाओं की होलिस्टिक वेलनेस पर एक सेशन ऑर्गेनाइज किया गया। यह इवेंट डीएमआरसी के ह्यूमन रिसोर्स डिपार्टमेंट ने ऑर्गेनाइज किया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिलाओं के बीच होलिस्टिक वेलनेस के अलग-अलग पहलुओं पर फोकस किया गया। कार्यक्रम का दिल्ली मेट्रो लेडीज वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (डीएलडब्लूओ) की प्रेसिडेंट डॉ. शालिनी सिंह ने उद्घाटन किया। जिसमें जानी-मानी ऑब्सटेट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. बंदना सोढ़ी, साइकियाट्रिस्ट डॉ. बरखा चिकारा, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अनुना बोरदोलोई और न्यूट्रिशनिस्ट सुश्री रुचिका जैन ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वर्तमान व पुराने जमाने में महिलाओं की भूमिका पर भी चर्चा हुई। जबकि नए आयाम स्थापित करती महिलाओं के सामने आ रही चुनौतियों का भी जिक्र हुआ। कार्यक्रम को सभी ने बहुत पसंद किया।

# निगम पार्षद ने तीन दिनों तक दिया धरना




■ निगम उपायुक्त ने मुलाकात के बाद दिया समाधान का आश्वासन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम वार्ड 188 - अबुल फजल एन्क्लेव की निगम पार्षद अरिबा खान ने सेंट्रल जोन उपायुक्त कार्यालय के बाहर दिए जा रहे धरने प्रदर्शन को उस समय समाप्त कर दिया जब पार्षद को क्षेत्रीय निगम उपायुक्त द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिला। इस मामले पर पार्षद अरिबा खान ने बुधवार को बताया कि दिल्ली नगर निगम के उपायुक्त शाशवत सौरभ और सहायक उपायुक्त ने उन्हें बैठक के लिए बुलाया, जिसमें क्षेत्र की समस्याओं और लंबित शिकायतों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह इलाके में मौके पर जाकर संयुक्त मुआयना किया जाएगा और सभी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने की कोशिश की जाएगी। बता दें कि पार्षद अरिबा खान ने एमसीडी प्रशासन पर भ्रष्टाचार, लापरवाही और शासन विफलताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार से धरना प्रदर्शन शुरू किया था।

**NOTICE OF DISOWNMENT**

This is to declare that my clients, Mr. Kishore Kumar, S/o Late Sh. Sunder Prasad & Smt. Saroj Devi, W/o Mr. Kishore Kumar, R/o A-5/11, Shani Bazaar Road, Prem Nagar- 3, Part- 1, Kirari Suleman Nagar, New Delhi- 110086, has formally severed all relations with their son, Mr. Ankur Kumar & his wife Smt. Pooja, D/o Madan Lal.

This disownment is necessitated due to the anti-social, anti-family activities, and acts of cruelty perpetrated by Mr. Ankur Kumar & his wife Smt. Pooja against my clients. Consequently, my clients have disowned and debarred them from all rights, claims, or interests in their movable and immovable properties.

Furthermore, my clients shall not bear any responsibility for the actions, deeds, or liabilities incurred by Mr. Ankur Kumar & his wife Smt. Pooja, whether in the past, present, or future. Any acts, transactions, or obligations undertaken by them shall be entirely their own responsibility, and my clients disclaims any association or liability in this regard. This notice is issued to make the position of my clients unequivocally clear and to inform all concerned parties.

Date: 10.12.2025
Place: Delhi

Rishabh Aggarwal
(Advocate)
Chamber No. 20, Civil Wing,
Tis Hazari Courts, Delhi-110054

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं.**
**NER-BSB-SNT-GS-OT-02-2025**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/गति–शक्ति/पूर्वोत्तर रेलवे/ वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई–निविदा" आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.: 1: निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम: NER-BSB-SNT-GS-OT-02-2025; कार्य का नाम:** टेकनिवास स्टेशन पर फुल लेंथ रेक हैंडलिंग साइडिंग के प्रावधान के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ सिग्नलिंग कार्य।; **अनुमानित लागत:** ₹4,79,55,117.30; **बयाना की राशि:** ₹3,89,800/-; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹0.00/-; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह; **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय:** 02.01.2026 को 15:00 बजे। 1. ई–निविदा दिनांक 02.01.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. **www.ireps.gov.in** देखें।

मंडल रेल प्रबंधक/
सिग एवं दूरसंचार/गतिशक्ति
मुजाधि/सिग्नल–72 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और जल निकासी को लेकर अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और जल निकासी के काम में लगीं सभी एजेंसियां मेहनत और लगन से काम करें। अगर इन कामों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी होती है तो बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश बुधवार को दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने वार्ड संख्या 108, हस्तसाल में रोड़ संख्या 237, होली चौक, हस्तसाल, उत्तमनगर और विकासपुरी स्थित डीएवी स्कूल क्षेत्र में साफ सफाई, प्रदूषण नियंत्रण, कूड़ा प्रबंधन, नालों की साफ सफाई आदि कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने मंत्री सूद को बताया कि विकासपुरी के डीएवी स्कूल में प्रतिदिन हज़ारों बच्चे पढ़ने आते हैं। स्कूल के सामने ही कूड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे न केवल बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है बल्कि इस कूड़े से यहां प्रदूषण भी हो रहा है। इनके साथ ही रोड नंबर 237 पर कई जगह सीवरों के ढक्कन खुले हुए हैं जिनसे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही रोड के ऊपर कई जगह कूड़ा कचरा पड़ा रहता है और उसको उठाने की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। निरीक्षण के बाद मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार लगातार कई स्तरों पर यह प्रयास कर रही है कि दिल्ली के प्रत्येक वार्ड में लोगों को स्वच्छता सेवाएं समयबद्ध और प्रभावी ढंग से उपलब्ध हों। इसी कड़ी में मैंने निरीक्षण किया गया ताकि जमीनी स्तर पर मौजूद चुनौतियों को समझकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जा सकें। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम को हर संभव सहयोग देकर राजधानी की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार लाना चाहती है।

# डीएमआरसी को प्रतिष्ठित इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट अवार्ड 2025 हुआ प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) को इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट (आईसीआई) चेन्नई ने प्रतिष्ठित आईसीआई अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए डीएमआरसी ने बताया कि मेट्रो को यह सम्मान मौजपुर से मजलिस पार्क को जोड़ने वाले कॉरिडोर के लिए देश में उत्कृष्ट प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट स्ट्रक्चर अवार्ड कैटेगरी में दिया गया है। यह अवार्ड डीएमआरसी को औपचारिक रूप से 9 दिसंबर 2025 को हैदराबाद में आयोजित पांच साल के कॉन्फ्रेंस एसीईसीओएन के दौरान दिया गया था। बताया गया कि दिल्ली मेट्रो की और से चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार ने यह अवार्ड ग्रहण किया। मौजपुर-मजलिस पार्क कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो के फेज-चार विस्तार का एक अहम हिस्सा है और यह मौजूदा पिंक लाइन का विस्तार भी है। इस शेष खंड के चालू होने के बाद, यह भारत की पहली सर्कुलर रिंग मेट्रो लाइन बनकर तैयार हो जाएगी। जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा, जिससे राजधानी में कनेक्टिविटी और शहरी मोबिलिटी पहले से कहीं अधिक बेहतर होगी। डीएमआरसी ने आईसीआई अवाड्र्स 2025 के मिलने पर कहा कि यह उपलब्धि डीएमआरसी के बेहतरीन प्रबंधन, संयुक्त रूप से कार्य करने, सुरक्षा और संकल्प के साथ कार्य करने के प्रयास का और बढ़ावा देगा।

# एमसीडी में कूड़े के नाम पर हो रही लूट : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** भाजपा के पार्षद राजपाल द्वारा कूड़े के नाम पर हो रही लूट के खुलासे के बाद आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्षद खुद बता रहे हैं कि कूड़े के नाम पर खुली लूट हो रही है। निजी कंपनियां ट्रक से बिल्डिंग का मलबा कूड़े के पहाड़ पर डालती हैं और फिर तौल के हिसाब से एमसीडी से मोटी पेमेंट लेती हैं। पार्षद ये भी बता रहे हैं कि दूसरे विभागों से एमसीडी में डीसी लगाए गए हैं, ताकि लूट चलती रहे और उनकी जवाबदेही ना हो। डीसी के भ्रष्टाचार से परेशान भाजपा पार्षदों की शिकायत के बाद भी कमिश्नर ने अब तक एफआईआर नहीं कराई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) संतोष उर्फ अशोक उर्फ मोटा, पुत्रः श्री राम, पताः म. नं. सी–174, गली नं. 6, जनता विहार, मुकंदपुर, दिल्ली, 2) प्रेमचंद, पुत्रः मुसाफिर सिंह, पताः म.नं. सी–274, गली नं. 6, जनता विहार, मुकंदपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 364/2021, U/s 380/411/482/34 IPC & 103 DP Act, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के आधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) संतोष उर्फ अशोक उर्फ मोटा, 2) प्रेमचंद** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) संतोष उर्फ अशोक उर्फ मोटा, 2) प्रेमचंद** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 364/2021, U/s 380/411/482/34 IPC & 103 DP Act, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली**के अभियुक्त **1) संतोष उर्फ अशोक उर्फ मोटा, 2) प्रेमचंद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
उत्तर, कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16619/NW/2025

# दिल्ली सरकार 2030 तक सड़क हादसों में लाएगी 50 फीसदी की कमी : डॉ. पंकज

**परिवहन मंत्री ने स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल की बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध जरूरी कार्रवाई करने के दिए दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार वर्ष 2025 से 2030 तक 'रोड सेफ्टी वर्क प्लान' के तहत सड़क दुर्घटनाओं में 50 फीसदी कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस बात की जानकारी दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सचिवालय में स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल की बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में दिल्ली परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों समेत राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य, विभिन्न संस्थानों और गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक फरवरी 2023 में बाद पहली बार आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर हुई प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। विशेष रूप से सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा के साथ वर्ष 2025–2030 'रोड सेफ्टी वर्क प्लान' के तहत सड़क दुर्घटनाओं में 50 फीसदी कमी लाने के लिए रोडमैप तैयार किया गया। स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल की बैठक में सड़कों पर चलने वाले पैदल यात्रियों, साइकिल सवार लोगों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। परिषद के सदस्यों ने गैर-मोटर चलित परिवहन को प्राथमिकता देने के साथ ही पहले चरण में दिल्ली के 100 स्कूलों में सेफ स्कूल जोन विकसित करने पर जोर दिया, जिसके लिए दिल्ली शिक्षा निदेशालय के सभी स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन कर सक्रिय रूप से काम चल रहा है। दिल्ली सरकार इन क्लबों के सदस्यों को रोड सेफ्टी को लेकर उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी। दिल्ली सरकार के इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूल जाने वाले बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और घर से स्कूल आने-जाने के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करना है।

काउंसिल ने दिल्ली के रिंग रोड, आउटर रिंग रोड और एनडीएमसी इलाके में अलग से बस लेन की मार्किंग के साथ ही जीरो टॉलरेंस जोन स्थापित करने के भी सुझाव दिए। साथ ही यह भी उल्लेख किया कि 47 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे जो पहले से राजधानी में सक्रिय हैं। इसके साथ ही 24 घंटे निगरानी के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर विशेष जोखिम वाले स्थानों की पहचान करेगी। इसके अलावा 18 पहचान किए गए ब्लैक स्पॉट्स पर सक्रिय रूप से सुधार का भी काम चल रहा है, जिनमें दिल्ली गेट और आईएसबीटी कश्मीरी गेट जैसे स्थानों पर सुरक्षा स्थिति में उल्लेखनीय सुधार नजर आ रहा है।

मंत्री डॉ.पंकज कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सही कार्य योजना बनाकर सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। दिल्ली के सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उन्हें ठीक करने, सेफ स्कूल जोन और तकनीक आधारित निगरानी प्रणाली विकसित करने पर हमारी सरकार का विशेष फोकस है, राजधानी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जिसका आने वाले महीनों में ठोस परिणाम दिखाई देगा।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार | जीजेयू एस एंड टी, हिसार में एससी विद्यार्थियों (120 विद्यार्थियों हेतु) हेतु कन्या छात्रावास का निर्माण। | 15.12.2025 29.12.2025 | रु. 485.68 लाख | http://www.gjust.ac.in/ | 1662263105 uwdgjuhsr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41056/I/88/7 दि. 10.12.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-35, उद्योग विहार, गुरूग्राम में विभिन्न स्थानों पर कर्ब, चैनल और पेवर ब्लॉक्स के साथ-साथ फुटपाथ का निर्माण। | 12.12.2025 19.12.2025 | रु. .24.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818320496 ia.faridabad@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-35, फेज-VII, उद्योग विहार, गुरूग्राम में एनएच-48 से प्लॉट नं. 80 तक 18 मी. चौड़े रोड और अन्य सेवाओं का निर्माण। | 16.12.2025 29.12.2025 | रु. 182.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2398418 ia.gurugram@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | एचएसआईआईडीसी की सीएसआर स्कीम के तहत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम, पलवल में एक अदद लॉन टेनिस कोर्ट का विकास करना और इंडोर हॉल में पीयू सिंथेटिक फ्लोरिंग का प्रावधान व बिछाना। | 12.12.2025 22.12.2025 | रु. 73.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2398418 ia.gurugram@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/41050/I/88/7 दि. 10.12.25




'दिल्ली सरकार और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच हुए समझौते पर हस्ताक्षर'

# प्रदूषण नियंत्रण व विकसित दिल्ली के लिए बड़ी कंपनियों को भी आना होगा आगे : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रदूषण नियंत्रण व विकसित दिल्ली के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा और इस मसले पर जनभागीदारी के अलावा बड़ी कंपनियों को भी आगे आना होगा। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली सरकार और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच हुए समझौते के अवसर पर कही।

गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को दिल्ली सरकार और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के बीच पांच महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए फ्लाईओवरों व सड़क का सौंदर्यीकरण, अस्पताल को विशिष्ट उपकरण, दिल्ली के विभिन्न इलाकों में वाटर एटीएम स्थापित करना व अन्य कार्य शामिल हैं। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, डॉ. पंकज कुमार सिंह, संबंधित विभाग के अधिकारी व आईओसीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हस्ताक्षरित किए गए ये एमओयू राजधानी में त्वरित, प्रभावी और नागरिक-हितैषी बदलाव लाने में सहायक साबित होंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और सरकार का लक्ष्य है कि देश की छवि को मज़बूत करने के साथ-साथ वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान भी किया जाए। सरकार बनने के बाद से उन्होंने समाज के सभी वर्गों से मिलकर काम करने की अपील की, ताकि इन चुनौतियों को चरणबद्ध रूप से दूर कर दिल्ली को वह स्वरूप दिया जा सके जिसकी सभी को उम्मीद है। आज का कार्यक्रम भी ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने आईओसीएल की दूरदर्शिता और देश के विकास में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मॉडलों को आगे और प्रोत्साहित किया जाएगा। समझौते के तहत तीन डीटीसी डिपो में आधुनिक एनर्जी हब स्थापित करेंगे, जिनमें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा होगा और ग्राहकों पर केंद्रित अन्य सुविधाएं शामिल होंगी। ये एनर्जी हब दिल्ली में परिवहन सुधारों को और भी गति देंगे। इसके अतिरिक्त पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा और ग्रीन प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 250 डीटीसी इलेक्ट्रिक बसों पर ब्रांडिंग भी की जाएगी।

### पांच फ्लाईओवर और एक सड़क मार्ग का किया जाएगा रख रखाव

समझौत के तहत पांच प्रमुख फ्लाईओवरों और एक सड़क मार्ग का सौंदर्यीकरण और उनका रख-रखाव का कार्य किया जाएगा। इन स्थानों में आईआईटी दिल्ली फ्लाईओवर , पंचशील फ्लाईओवर, पंजाबी बाग फ्लाईओवर, चिराग दिल्ली फ्लाईओवर, मुकरबा चौक और अरविंदो मार्ग की 500 मीटर की सड़क शामिल है।

### दो बड़े सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध कराए जाएंगे चिकित्सा उपकरण

समझौते के तहत दिल्ली के दो बड़े सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके तहत लोकनायक अस्पताल में एमआरआई और सीटी स्कैन लगाए जाएंगे, जबकि दिलशाद गार्डन स्थित दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में हाई एनर्जी लीनियर एक्सेलरेटर स्थापित किया जाएगा। वहीं शहर के आठ स्थानों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वॉटर एटीएम लगाए जाएंगे, जिनमें 5-स्टेज फिल्ट्रेशन प्रणाली होगी और प्रति घंटे 2 हजार लीटर शुद्ध आरओ का जल प्रदान करने की सुविधा मौजूद होगी।

'प्रदूषण को लेकर लगातार चलेगा अभियान'

## कल्याणपुरी में तीन अवैध जींस डाईंग यूनिट्स सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शाहदरा दक्षिण जोन ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को कल्याणपुरी वार्ड में संचालित तीन अवैध जींस डाईंग यूनिट्स को सील कर दिया। एमसीडी में शाहदरा दक्षिण जोन के उपायुक्त बादल कुमार ने कहा कि ऐसे अवैध और प्रदूषणकारी यूनिट्स के विरुद्ध निगम की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। ये यूनिट्स बिना किसी उपचार के रासायनिक अपशिष्टों को अनुचित तरीके से निस्तारित कर रही थीं, जो यमुना नदी को प्रदूषित करने के बड़े कारणों में से एक मानी जाती हैं। शाहदरा दक्षिण जाने की जनरल ब्रांच टीम ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से यह संयुक्त एक्शन किया। अधिकारियों के अनुसार यह कदम पर्यावरणीय मानकों को बनाए रखने और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा हेतु अनिवार्य था। शाहदरा दक्षिण जोन के उपायुक्त बादल कुमार ने कहा कि ऐसे अवैध और प्रदूषणकारी यूनिट्स के विरुद्ध निगम की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि अवैध डाईंग यूनिट्स प्रदूषण का बड़ा स्त्रोत हैं। यमुना में रासायनिक प्रदूषण रोकने के लिए अभियान तेज़ किया जाएगा। क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए किसी भी ढिलाई की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की अवैध औद्योगिक गतिविधि की जानकारी मिले तो वह तुरंत एमसीडी को सूचित करें।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया आग्रह

## 'होटल संचालक अपनी इमारतों की छतों पर लगाए मिस्ट स्प्रे सिस्टम'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने होटल और रेस्तरां संचालकों से अपनी इमारतों की छतों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रणाली प्रदूषण को प्रभावी रूप से कम करने के साथ-साथ पानी की खपत घटाने में भी सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि होटल और रेस्तरां जैसे बड़े प्रतिष्ठान यदि मिस्ट स्प्रे जैसी आधुनिक तकनीक अपनाते हैं, तो सरकार उनकी पूरी मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने यह आग्रह बुधवार को 'विकसित दिल्ली-विकसित पर्यटन एवं आतिथ्य' शिखर सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। यह सम्मेलन होटल एवं रेस्तरां उद्योग से जुड़े संगठनों द्वारा आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है और अब निजी क्षेत्र की सहभागिता भी आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि होटल और रेस्तरां जैसे बड़े प्रतिष्ठान यदि मिस्ट फॉगिंग जैसी आधुनिक तकनीक अपनाते हैं, तो राजधानी की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के कुछ प्रमुख इलाकों में मिस्ट स्प्रे का प्रयोग पहले ही शुरू किया जा चुका है तथा इसे अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार देने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी के प्रदूषण नियंत्रण के नियमों में हर ऊंची इमारत पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य किया गया है। लेकिन शिकायतें आ रही है कि यह गन महंगी है, बहुत भारी है, ज्यादा जगह घेरती है और पानी की भी बहुत अधिक खपत करती है।

### दिल्ली भर में फायर एनओसी का किया जाए तत्काल ऑडिट : नारंग

नई दिल्ली। दिल्ली भर में फायर एनओसी का तत्काल ऑडिट किया जाए, बिना एनओसी के चल रहे प्रतिष्ठानों पर तुरंत कार्रवाई की जाए, 15 दिन में सेफ्टी-कंप्लायंस रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह और निगमायुक्त अश्विनी कुमार को पत्र लिखा है। पत्र में गोवा के एक नाइट क्लब में हुए भीषण अग्निकांड से सबक लेने के लिए नसीहत दी गई है। उन्होंने बताया कि अवैध प्रतिष्ठानों पर सीलिंग या जुर्माने की कार्रवाई हो और एमसीडी और डीएफएस लाइसेंसिंग की संयुक्त टास्क फोर्स बनाएं। दिल्ली में कई गैरकानूनी गतिविधियाँ चल रही हैं। स्थायी समिति में सदस्य प्रवीण राजपूत ने बताया कि विशेषकर रेस्टोरेंट, हॉस्पिटल और मॉल्स के बेसमेंट में चल रहे हैं। जबकि बेसमेंट में लैब, शोरूम, दुकान नहीं चल सकती है। सिर्फ गोदाम की अनुमति है। लेकिन हकीकत यह है कि दिल्ली के कई अस्पतालों और मॉल्स के बेसमेंट पूरी तरह से शोरूम, लैब और मार्केट की तरह चल रहे हैं।


### करीब दस दिन बाद दिल्ली की जहरीली हवा से मिली राहत, तापमान सामान्य हुआ दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली वालों को जहरीली व दम घोटू हवा से बुधवार को कुछ राहत मिली। लगभग दस दिनों के बाद राजधानी में एक दिन में 23 अंक गिरकर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 259 दर्ज किया गया, जो हवा की खराब श्रेणी है। जबकि मंगलवार की तुलना में 23 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई है। कहा जा सकता है कि दस दिनों के बाद दिल्ली की हवा कुछ हद तक साफ हुई है। जानकारी अनुसार दिल्ली में दो बजे हवा में पीएम 10 की मात्रा 220.1 और पीएम 2.5 की मात्रा 112.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। राजधानी में प्रदूषण के घटने का क्रम शुरू हो गया है, जिससे प्रदूषित हवा में लगातार सुधार के आंकड़े दर्ज हो रहे है। बुधवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। आसमान में स्मॉग की हल्की चादर भी दिखाई दी, जिसके चलते दृश्यता कम रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, बुधवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 1100 मीटर रही। इसके अलावा, वेंटिलेशन इंडेक्स 6500 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा। दूसरी ओर, दोपहर दो बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 220 और पीएम2.5 की मात्रा 112.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। सीपीसीबी का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार से शनिवार के बीच में हवा बेहद खराब श्रेणी में ही पहुंचने की आशंका है। सीपीसीबी के मुताबिक, सुबह आठ बजे शहर के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई 300 से कम दर्ज किया गया। जबकि विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो से तीन दिनों में हवा की गति बढ़ने से प्रदूषण में कमी आने की संभावना है।

## सिंघोला लैंडफिल साइट पर जलता कूड़ा बन रहा परेशानी का सबब

'सिर्फ कागजों में ही नियंत्रित हो रहा है प्रदूषण, आग लगाने वालों पर लिया जाएगा एक्शन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत टीकरी सेब मंडी के पीछे सिंघोला लैंडफिल साइट पर दिल्ली नगर निगम की गाड़ियां कूड़ा फैंककर जाती है और इसके बाद इस कूड़े में आग लगा दी जाती है जो कि स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनों से ऐसा ही हो रहा है लेकिन अब सर्दी के मौसम में प्रदूषण ने जीना मुश्किल कर दिया है। वहीं, इस संबंध में दिल्ली नगर निगम में डेम्स (डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरनमेंट मैनेजमेंट सर्विसेज) समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर ने कहा कि सिंघोला साइट पर आग लगाने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम प्रशासन प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हर दिन दावे कर रहा है लेकिन खुद सरकार के वाहन ही यहां कूड़ा डाल कर जाते हैं और इस कूड़े की निगरानी करने वाला कोई नहीं है। जिसके चलते कोई भी यहां आग लगा देता है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय निगम अधिकारी कूड़े आदि की स्थिति को लेकर सब कुछ जानते हैं, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दिल्ली में कूड़े के निस्तारण की कोई ठोस नीति सिर्फ कागज़ों तक सीमित है?

## कश्मीरी गेट के फुटपाथों पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के अंतर्राज्जीय आईएसबीटी कश्मीरी गेट बस अड्डा अवैध कब्ज़ों की वजह से यात्रियों के लिए खतरा बन रहा है। बस अड्डे के बाहर आने वाले प्रवेश द्वार और मेट्रो गेट नंबर 7 के बाहर बने फुटपाथों पर अनधिकृत रेहड़ी-पटरी वालों ने खुलेआम कब्ज़ा जमा रखा है। स्थिति यह है कि रोजाना हजारों यात्री इन संकरे हुए रास्तों से गुजरने को मजबूर हैं, जहां आवाजाही मुश्किल हो चुकी है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि यह कब्ज़ा बिना प्रशासनिक मिलीभगत के संभव नहीं। आरोप है कि एमसीडी, पीडब्ल्यूडी और स्थानीय पुलिस की अनदेखी और महिला-पुरुष गश्त की कमी ने रेहड़ी-पटरी वालों को पूरी तरह बेलगाम कर दिया है। लोगों का कहना है कि जब लाल किले जैसा ऐतिहासिक स्थल भी सुरक्षित नहीं रहा, तो कश्मीरी गेट जैसे भीड़भाड़ वाले हब की सुरक्षा पर सरकार की लापरवाही गंभीर सवाल खड़े करती है।

### यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़

यात्री बताते हैं कि एलपीजी सिलेंडर के बीच भीड़ में खाना पकाया जाता है, जिसकी चिंगारी भी किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। रोज हजारों लोग यहां से बस या मेट्रो में सफर करते हैं, और ऐसे में यह लापरवाही सीधे-सीधे यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ है। वहीं, यहां नौकरी पेशा वर्ग का आरोप है कि संबंधित विभाग इस अराजकता पर आंखें मूंदे बैठे हैं और ऐसा लगता है मानो कोई बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा हो।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी भारत वासियों को शुभकामनाएं

## दीपावली यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल, दिल्ली हाट में जले दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन के महापर्व दीपावली को यूनेस्को की प्रतिष्ठित अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने के उपलक्ष्य में बुधवार को दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली हाट, आईएनए में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर तथा प्रभु श्री राम की पूजा-अर्चना करते हुए पूरे देश को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का वातावरण पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जीवंत हो उठा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली को मिला यह वैश्विक सम्मान दर्शाता है कि दुनिया भर में लोग इस त्यौहार के मूल तत्वों प्रेम, सद्भाव, आशा और उत्तम मानवीय मूल्यों में गहरी आस्था रखते हैं। ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं, बल्कि विश्व मंच पर भारत की समृद्ध विरासत को भी उजागर करते हैं। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, विधायक अनिल शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व से 180 देशों के प्रतिनिधि भारत में हैं और दिल्ली के लाल किले पर यूनेस्को की महत्वपूर्ण बैठक चल रही है। यह हम सबके लिए बहुत सम्मान की बात है। हम सबके महापर्व दीपावली को यूनेस्को द्वारा अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया जाना 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान दर्शाता है कि विश्व दीपावली के प्रेम, मानवता और सकारात्मक मूल्यों पर गहरी आस्था रखता है। उन्होंने कहा कि महापर्व दीपावली केवल त्यौहार नहीं, बल्कि जीवन का आदर्श है, जो हमें सदैव सही मार्ग, उम्मीद और अच्छाई की ओर ले जाता है।

### अपनी संस्कृति और विरासत के माध्यम से विश्व पटल पर फिर चमक रहा भारत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत अपनी संस्कृति और विरासत के माध्यम से विश्व पटल पर पुनः चमक रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के 'विकास भी और विरासत भी' के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है, वहीं अपनी सांस्कृतिक जड़ों को भी पूरी मजबूती से संजोए हुए है। इसी कारण आज योग को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला और अब दीपावली को वैश्विक मान्यता मिलना प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार इस उत्सव को भव्यता और उत्साह के साथ मना रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार को पूरे शहर में दीयों की रौशनी ने न केवल लाल किला, बल्कि दिल्ली के अनेक सार्वजनिक स्थलों को भी आलोकित किया, जिससे पूरी राजधानी दीपावली की गरिमा और सांस्कृतिक वैभव का सुंदर प्रतीक बन गई।

## महारैली की तैयारियों को लेकर यादव ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आगामी 14 दिसंबर 2025 को रामलीला मैंदान में प्रस्तावित कांग्रेस की महारैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बुधवार को बैठकें की। बैठकों में यादव ने रामलीला मैदान की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली की तैयारियां के संबध में जिला और ब्लाक स्तर की तैयारियों की समीक्षा की। यादव के संग महारैली के पर्यवेक्षक नीरज डांगी और वीपी सिंह ने भी जिला बैठकों का जायजा लिया। यादव के नेतृत्व में आज 14 दिसम्बर को रामलीला मैंदान की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली की तैयारियां के संबध में सभी 14 जिलों में जिला और ब्लाक स्तर की तैयारियों पर चर्चा के लिए बैठकें हुई। बैठकों में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, महारैली के पर्यवेक्षक एवं राज्यसभा सांसद नीरज डांगी और अ भा क कमेटी के सचिव वीपी सिंह सहित अन्य मौजूद थे। जगह जगह आयोजित हुई इन ने जिला कांग्रेस कमेटियों की तैयारियों की समीक्षा ली और प्रत्येक वार्ड से रैली में पहुंचने वाले लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उनसे सम्पर्क साधने हेतू आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रोहिणी जिला और करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठकों को सम्बोधित किया।

**खबर संक्षेप**

### तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पुलिस ने कसा शिकंजा



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-3 ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं युवा वर्ग को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से अग्रवाल स्कूल सेक्टर-3 के सामने बीड़ी, सिगरेट, गुटका आदि प्रतिबंधित उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस कार्रवाई को पूर्णतया कानूनी व पारदर्शी बनाने के लिए हेल्थ इंस्पेक्टर करण सिंह को मौके पर बुलाया गयाए और कोटपा का उल्लंघन करते पाये गये 6 दुकानदारों के चालान कराये गये। फरीदाबाद पुलिस का इस तरह से अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि स्कूलों के आसपास किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

### धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने टेलिग्राम टास्क देकर 471,000 ररुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पर्वतीय कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 29 सितम्बर को उसके पास व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया जिस पर उसे बताया गया कि वह गूगल टास्क करके पैसे कमाने कमा सकती है। जिसके बाद उसने विभिन्न टास्क के लिए उनके बताए गये खाता में 4,71,000 रूपए भेजे और टास्क कम्पलीट किए, लेकिन टास्क कम्पलीट होने के बाद भी उसे कोई पैसे वापिस नहीं दिये गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई की छोटे लाल मीणा वासी जैतपुर दौसा राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

## बैठक में जलकल विभाग के बाबुओं की लगी क्लास, दिए निर्देश

# नगर आयुक्त ने की जलकल विभाग के कार्यों की समीक्षा दिए 33 रुके कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

**5000 लीटर के 20 टैंकर खरीदेगा जलकल विभाग मलिन बस्तियों में जलापूर्ति होगी सरल**



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बुधवार को जलकल विभाग अधिकारियों के साथ-साथ सुपरवाइजर व टीम के साथ बैठक की।

बैठक में महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, अधिशासी अभियंता जल आश कुमार, सहायक अभियंता जल शेषमणि यादव, तथा समस्त जोन के अवर अभियंताओं द्वारा चल रहे कार्यों की जानकारी नगर आयुक्त को प्रस्तुत की गई। जलकल विभाग के 60 कार्य की सूची जिसमें इंदिरापुरम सहित पांचो जोन के अंतर्गत नए नलकूप लगाने, खराब नलकूप को रिबोर करने, सीवर कनेक्शन करने, पानी की पाइपलाइन डालने, मैंन हाल की मरम्मत करने के कार्यों की बिंदुवार जानकारी ली गई, 33 कार्य जलकल विभाग के जिनको निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुए प्रारंभ करने के निर्देश टीम को दिए गए नगर आयुक्त द्वारा एक सप्ताह का समय निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए दिया गया तथा जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में धरातल पर कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए गए। इंदिरापुरम सहित गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 30 एचपी के लगभग 6 करोड़ से नए 12 नलकूप लगाने का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया जिसमें वार्ड संख्या 22 गगन एनक्लेव, वार्ड संख्या 61 वसुंधरा सेक्टर 2 को भी शामिल किया गया है, वार्ड संख्या 59 अनाज मंडी में पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए निर्देशित किया गया, 47 में महिंद्रा एंक्लेव में तत्काल कार्यवाही करते हुए पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए निर्देशित किया गया, नीति खंड एक में 7 करोड़ से बनने वाले संप वेल का कार्य, न्याय खंड में 7 करोड़ से नई पानी की पाइपलाइन बिछाने का कार्य तथा इंदिरापुरम के अन्य क्षेत्रों में 5 करोड़ से पुरानी पानी की लाइन को सही करते हुए नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य कॉल करने हेतु टीम को निर्देश दिए गए तथा 10 दिन के भीतर निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा गया विशेष रूप से पांचों जोन में आवश्यकता को देखते हुए पानी की पाइपलाइन बिछाने का कार्य, तथा मैंन हाल मरम्मत का कार्य, सीवर लाइन डालने का कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया।

## मेयर ने सीएम नायब सिंह सैनी व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल का जताया आभार

# ननि आर्थिक रूप से होगा सशक्त विकास कार्यों में आएगी तेजीः मेयर जोशी

**मेयर ने मंत्री गोयल का हार्दिक आभार व्यक्त किया**

**विकास कार्यों में तेजी लाएंगे, जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेगी**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

हरियाणा कैबिनेट द्वारा नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पालिका से जुड़े पुराने दो कानूनों को समाप्त कर एकीकृत हरियाणा नगरपालिका विधेयक 2025 को मंजूरी देने पर फरीदाबाद की मेयर श्रीमती प्रवीण जोशी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि नया विधेयक लागू होने से नगर निगम अब कई महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले सकेगा, जिससे कार्य में तेजी आएगी और शहर के विकास कार्य अधिक प्रभावी ढंग से हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि दो अलग-अलग कानूनों के कारण कई बार फाइलों को मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजना पड़ता था, जिससे कार्यों में देरी होती थी, लेकिन नए विधेयक से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अब नगर निगम आर्थिक रूप से भी सशक्त होगा और अपने स्तर पर टैक्स, पानी-सीवरेज चार्ज, बिल्डिंग परमिशन, ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट सहित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेने में सक्षम होगा।

इससे फरीदाबाद शहर के विकास कार्यों में तेजी आएगी और जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं स्थानीय निकाय मंत्री द्वारा लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय से समूचे हरियाणा के शहरी निकायों को मजबूती मिलेगी और पारदर्शिता के साथ विकास कार्य निर्बाध रूप से आगे बढ़ेंगे।



## आज चंदावली निगम कार्यालय में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक कैंप

# नगर निगम द्वारा लगाए गए कैंप में 15 शिकायतों का मौके पर निपटाराः जॉइंट कमिश्नर भदौरिया

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों पर नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा के मार्गदर्शन में बल्लभगढ़ जोन में आमजन की समस्याओं एवं प्रॉपर्टी आईडी संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए साप्ताहिक कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप में लगभग 15 शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया जबकि 12 शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के लिए भेज दिया है जो 3 से 4 दिन में हल होगी। कैंप में जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदौरिया ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निपटाया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक कैंप के अलावा नागरिक किसी भी कार्य दिवस के दौरान अपनी समस्या निगम कार्यालय में आकर दर्ज करा सकते हैं। इस अवसर पर बल्लभगढ़ जोन की क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी दीपा पब्बी तथा अशोक कुमार भी मौजूद रहे। नगर निगम द्वारा प्रत्येक जोन में नियमित रूप से ऐसे कैंप आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आमजन की समस्याएं सुनी जाएंगी। कल की शिकायतें चंदावली जोन कार्यालय में सुनी जाएंगी।

## विधायक ने संपादकीय टीम को बधाई दी

# विधायक शर्मा ने पुस्तक प्रवासी भावांजलि का लोकार्पण किया

**फरीदाबाद।** विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने डॉ. नरेश गुप्ता नाज द्वारा संस्थापित महिला काव्य मंच, अंतरराष्ट्रीय काव्य संस्था जिसकी विदेश संरक्षक डॉ. दुर्गा सिन्हा, उदार व विदेश महासचिव चित्रा गुप्ता हैं, के द्वारा संपादित पुस्तक प्रवासी भावांजलि का लोकार्पण अत्यंत भव्य ढंग से परिपूर्ण हुआ।
इस अवसर पर विधायक के कार्यालय पर पूर्व आईपीएस विनोद कौशिक, पूर्व प्रधानाचार्या डॉ. प्रीता कौशिक, बृजलाल शर्मा, पारस जैन, पीएल शर्मा, नवीन चैची और फरीदाबाद के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



अंतरराष्ट्रीय शाखा की उपरोक्त पुस्तक 42 देशों के 86 इकाइयों के रचनाकारों का सांझा काव्य संकलन है जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व व उपलब्धियों का सत्यनिष्ठ यशोगान है। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने पुस्तक के लेखक और संपादकीय टीम को बधाई दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फिरोज खान, पुत्र अल्ताब खान, निवासी मकान संख्या डी-303, जी.नं.1, नूर इलाही, घोंडा, मौजपुर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 125/2017 भा.द.सं. की धारा 379/411 के तहत, थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज खान** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 125/2017 भा.द.सं. की धारा 379/411 के तहत, थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फिरोज खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **16.02.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, कमरा नं.19, प्रथम तल**
**शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**
DP/16378/NE/2025

**महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय**
(संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, बिहार – 845401
वेबसाइट: www.mgcub.ac.in | ईमेल : osdadmin@mgcub.ac.in

**पीएच.डी. प्रवेश (2025-26) हेतु अधिसूचना**

पीएच.डी. कार्यक्रमों (शैक्षणिक वर्ष 2025–26) के लिए समर्थ पोर्टल : https://mgcubadm.samarth.edu.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता, कार्यक्रम विवरण और दिशा-निदेर्शों के लिए, पधारें : www.mgcub.ac.in

**ऑनलाइन जमा करवाने हेतु अंतिम तिथि: 26 दिसंबर 2025 (शुक्रवार)**

CBC 21336/12/0002/2526

## अपराध शाखा सैंट्रल पुलिस टीम की बड़ी कार्रवाई

# 7 वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 3 मोटरसाईकिल, 1 ऑटो और एक ईको गाड़ी भी की बरामद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**



अपराध शाखाओं द्वारा वाहन चोरों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है, इसी क्रम में अपराध शाखाओं की टीमों द्वारा 7 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर, चोरी की 3 मोटरसाईकिल, एक ऑटो व एक ईको गाड़ी को बरामद की गई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने इरफान निवासी जीवन नगर को संजय कॉलोनी से एक मोटरसाईकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है, जिससे चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने गोपाल निवासी गांव माहरेरा जिला ऐटा उत्तर प्रदेश हाल गांव नाचोली फरीदाबाद को चंदिला चौक गांव भतौला के पास से मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना डबुआ में मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज। अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने भजनलाल निवासी भारत कॉलोनी फरीदाबाद को भी एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है जिस संबंध में सेक्टर 8 में चोरी का मामला दर्ज था। अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने जितेन्द्र निवासी हजारीबाग, झारखंड हाल गाधी कॉलोनी को थाना पल्ला के एक चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है।

### समाज में लोगों की भूमिका को लेकर लिंग भेद नहीं होना चाहिएः दया ऊर्फ पर्वत सिंह

**गुरुग्राम।** नेटफ्लिक्स के सिंगल पापा का ट्रेलर आने के बाद शहर में इसकी चर्चाएं बढ़ रही हैं। इसमें अब तक की सबसे बड़ी वाईल्ड कार्ड एंट्री है मैनी (मेल नैनी), जो है हमारा जाना-पहचाना, परबत सिंह या दया। 12 दिसंबर को रिलीज़ हो रहे सिंगल पापा में दया गौरव गहलोत (कुणाल खेमू) के गोद लिए हुए बेटे, अमूल के मेल नैनी के किरदार में दिखाई देने वाले हैं। दया का शॉर्ट, जिसमें वो कहते हैं, ''हम पेलने का नहीं, पालने का कार्य करते हैं'' ने इंटरनेट पर सनसनी फैला दी है। उनके बाजुओं में वो दम है कि वो एक हाथ से गुंडों के पूरे गैंग को हरा सकते हैं, लेकिन इस बार वो अपनी ताकत का इस्तेमाल बेबी अमूल को अपने दुश्मन, यानी बदहजमी से निपटने में मदद करने के लिए करना चाहते हैं।

## ट्रैफिक पुलिस का रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम

# दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों के बारे में दी जानकारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देश, संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेश दुग्गल के मार्गदर्शन तथा एसीपी ट्रैफिक शैलेंद्र के नेतृत्व में फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस और सामुदायिक पुलिसिंग शाखा द्वारा 10 दिसंबर को बेलमैक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी परिसर में एक रोड सेफ्टी एवं यातायात जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम, नशे के दुष्प्रभाव, सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों और यातायात नियमों के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान कंपनी के लगभग 250 कर्मचारियों ने बढ़.चढक़र हिस्सा लिया।कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक ताऊ ने बेहद सरल और प्रभावशाली तरीके से बताया कि किस प्रकार सड़क पर होने वाली छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसों का कारण बन सकती है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि हेलमेट, सीट बेल्ट, स्पीड कंट्रोल और लेन अनुशासन जैसे नियम न केवल कानून का हिस्सा हैं, बल्कि इनका पालन स्वयं की सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

नशा करके वाहन चलाने के खतरों पर विशेष ध्यान देते हुए कर्मचारियों को बताया गया कि ड्रंक एंड ड्राइविंग न केवल जीवन को जोखिम में डालती है, बल्कि कानूनी रूप से गंभीर दंडनीय अपराध भी है। धुंध और सर्दी के मौसम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस की टीम ने विस्तृत रूप से जानकारी दी कि ऐसे मौसम में वाहन चालकों को किन-किन अतिरिक्त सावधानियों की आवश्यकता होती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जहानवाज उर्फ जयदेव दास, पुत्रः अब्दुल कासिम, निवासीः मकान नंबर–बी–1056, घरोली डेयरी फार्म, मयूर विहार, फेज–3, दिल्ली और निवासीः ग्राम तैयापुर, पोस्ट कुरहेला, जिला कठियार, बिहार** ने **FIR No.: 295/2024, Dated: 22.09.2024 U/s: 75/78 भारतीय न्याय संहिता 2023 और 08/12 POCSO ACT, पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जहानवाज उर्फ जयदेव दास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जहानवाज उर्फ जयदेव दास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **जहानवाज उर्फ जयदेव दास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 20.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री राकेश कुमार रामपुरी**
**एएसजे/एससी पोक्सो अधिनियम,**
**पूर्वी जिला, कमरा नंबर 75,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
DP/16545/ED/2025

## स्वतंत्रता और गरिमा को बढ़ावा देना उद्देश्य

**प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला गया**

# मानवाधिकार दिवस पर मानव अधिकार मिशन ने लोगों को जागरूक किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**



मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ओल्ड फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर मानव अधिकार मिशन एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु संगठन के पदाधिकारियों द्वारा संक्षिप्त परिचर्चा से हुई, जिसमें मानवाधिकारों के महत्व, संरक्षण तथा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मानवाधिकार दिवस पर केक भी मिशन के पदाधिकारियों द्वारा काटा गया।

मानव अधिकार मिशन के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हर इंसान की गरिमा, सुरक्षा और स्वतंत्रता की नींव हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम समाज में कमजोर, वंचित और पीड़ित वर्गों की आवाज बनें। मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाता है कि एक बेहतर, सुरक्षित और न्यायपूर्ण समाज बनाने में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्था निरंतर इस दिशा में कार्य कर रही है और आगे भी समाज के हर व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध रहेगी। मानवाधिकार दिवस का प्रतीकात्मक रूप से केक काटकर सांकेतिक उत्सव भी मनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने मानवाधिकारों की रक्षा व संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। ह्यूमन राइट्स मिशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिलना आवश्यक है और संस्था इस दिशा में जागरूकता फैलाने तथा सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मानवाधिकार दिवस विश्व भर में प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों, स्वतंत्रता और गरिमा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

यह दिवस मानवाधिकारों की रक्षा, भेदभाव के खिलाफ आवाज़ उठाने, न्याय सुनिश्चित करने और समाज में समानता व सम्मान की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। ह्यूमन राइट्स मिशन का उद्देश्य भी इसी जागरूकता को समाज में फैलाना और वास्तविक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना है।

# भारत के पहले और दुनिया के दूसरे लंबे युवा करण पहुंचे ग़ाज़ियाबाद



**sगाजियाबाद।** भारत के सबसे लंबे युवा करण सिंह ग़ाज़ियाबाद पहुँचे। करण सिंह भारत के सबसे लंबे युवा हैं उनकी लम्बाई आठ फ़ीट दो इंच है। करण सिंह सहारनपुर के रहने वाले हैं तथा उनकी आयु इस समय अठारह वर्ष है। करण सिंह दुनिया के दूसरे सबसे लंबे युवा है। उनके पास तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। करण सिंह की माता जी की लम्बाई सात फ़ीट तथा पिताजी की लंबाई साढ़े छः फिट है। कर्णसिंह नौ फ़ीट के बिस्तर पर सोते हैं तथा उनके पैर में बीस नम्बर के जूते आते हैं। उनके साथ ग़ाज़ियाबाद के मोहित गुर्जर थे। आरडीसी में करण सिंह की मुलाक़ात काफ़ी हाउस में रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह से हुई। उन्होंने करण सिंह के साथ अपना फ़ोटो लेकर इसे एक यादगार पल बनाया।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी**

**मु. न. 177 दिनांक 15-11-25 धारा 127 (6) BNS थाना सदर रेवाड़ी**

**गुमशदा की पहचान**



नाम - राजबाला पत्नी जयपाल निवासी गोकलगढ थाना सदर रेवाड़ी
उम्र - 60 साल
कद - 5 फुट 2 इंच
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, माध्यम शरीर कद 5'2", काले सफेद बाल उम्र 60 साल संतरी रंग का सूट सलवार पहने हुए है। जो दिनांक 10-11-25 को बिना बताए घर से चली गई। जिस संबंध में मुकदमा नं0 177 दिनांक 15-11-2025 धारा 127 (6) BNS थाना सदर रेवाड़ी दर्ज किया गया है जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं पता चला है यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे।

सम्पर्क नं०
1. अनुसंधानकर्ता-7082803618
2. प्रबंधक अफसर-7056666123
3. थाना सदर-01274-222621
4. कन्ट्रोल रूम रेवाड़ी-01274-225156, 9306952004

पीआरडीएच-1084/11/4208/2026/41047/88/7 दि. 10.12.2025

